New Kids World School, Kota

Arya Samaj Vigyan Nagar, Kota Ph: 0744 - 2420005, Mob.: 9352605577

न्यू किड्स वर्ल्ड स्कूल में वृक्षारोपण

दिनांक 17/08/2016

डॉ. विनय विद्यालंकार उत्तराखण्ड़ से पधारे विद्वान (अन्तर्राष्ट्रीय) ने न्यू किड्स वर्ल्ड स्कूल आर्य समाज विज्ञान नगर प्रांगण में प्रातः 10:30 बजे पौधारोपण किया जिसमें आर्य समाज प्रांगण में स्थित विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति डॉ. दीपिका विजय एवं विद्यालय निदेशक श्री आर.के. शर्मा, जिला प्रधान श्री अर्जुन देव चड्ढा एवं श्री आर. सी. आर्य प्रधान तलवण्ड़ी श्री जे.एस. दुबे (पूर्व प्रधान) आर्य समाज में उपस्थित रहे। डॉ. विद्यालंकार का प्राचार्या श्रीमति डॉ. दीपिका विजय ने साफा बधवाकर स्वागत किया।

डॉ.सा. द्वारा बच्चों को उद्बोधन

डॉ.सा. ने वेद मन्त्रों की ऋचाओं से उद्बोधन प्रारम्भ किया जो नैनीताल में विश्वविद्यालय में अध्ययन का कार्य करते हैं उन्होनें बच्चों से पूछा कि हमारे देश का नाम क्या है तब बच्चों ने आर्यावर्त कहकर उत्तर दिया आर्यावर्त में रहने वाले लोग आर्य है। लेकिन यह भारत के भीषण संग्राम के कारण हमारे देश की संस्कृति तहस नहस हो गयी। हमारा देश 1000 वर्ष तक गुलाम रही चाहे वह मुगल शासक हो या अंग्रेज शासक उन्होनें देश की अस्मिता को बर्बर तरीके से लूटा। आर्य का अर्थ है श्रेष्ठ व्यक्ति, झूठ बोलना दुनियाँ का सबसे बड़ा पाप है। अतः हमेशा सत्य बोलना चाहिए, **मनुर्भव (मनुष्यों मनुष्य बनो)** सत्य का ज्ञान वेद में मिलता है। भारत विश्वगुरू रहा है। हमारी सबसे बड़ी पूँजी प्रेम है। अतः इसे मानवमात्र से हमेशा प्रेम करना चाहिए। (बिना जातिगत भेदभाव, मत, पंथ, संप्रदाय ध्यान किये) बच्चों को जब संस्कार दिय जाते है तब वह मनुष्य बनता है। वेद हमेशा मनुष्य (श्रेष्ठ) बनने की प्रेरणा देते है। डॉ.सा. ने गायत्री मंत्र को व्याख्या करते हुए परमात्मा के गुणों की व्याख्या करते हुए बच्चों की प्रेरणा दी। उन्होनें बच्चों को मातृदेवो भवः, पितृ देवो भवः, आचार्य देवो भवः, विद्यालय निदेशक श्री शर्मा जी ने भी उद्बोधन दिया जिसमें उन्होनें अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्यू किड्स वर्ल्ड स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मनाया

न्यू किड्स स्कूल आर्य समाज विज्ञान नगर में रक्षाबंधन का त्योहार व राखी बनाओं प्रतियोगिता मनाई गई इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने बढ–चढ़ कर भाग लिया तथा इस त्योहार को बडे हर्ष व प्रेम के साथ मनाया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की प्राचार्या डॉ. दीपिका विजय द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही स्कूल के निदेशक श्री निरंकुश गौतम जी ने स्कूल की बालिकाओं से राखी बँधवाई तथा बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की महत्ता बताई और सभी बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामना देते हुए बालिकाओं को उपहार भेट किये।

New Kids World Scho

Arya Samaj Vigyan Nagar, Kota Ph: 0744 - 2420005,

Ref. No.: